Seventeenth Loksabha

span>

Title: Regarding alleged offensive statement on a TV channel on Maharaja Suraj Mal.

श्रीमती रंजीता कोली (भरतपुर): सभापति महोदय, आपने मुझे सदन में बोलने का अवसर दिया, उसके लिए मैं आपका आभार व्यक्त करती हूं।

मैं आपका ध्यान लोहागढ़ के संरक्षक महाराजा सूरजमल जी के विषय पर की गयी टिप्पणी की ओर आकर्षित करना चाहती हूं। सोनी टीवी पर प्रसारित 'अहिल्याबाई' धारावाहिक में दिनांक 17 नवम्बर, 2022 को महाराजा सूरजमल के संबंध में अत्यंत निंदनीय टिप्पणी की गयी। धारावाहिक में महाराजा सूरजमल जी को कायर बताया गया है, जबकि महाराजा सूरजमल जी को लोहागढ़ (भरतपुर) का हिंदू धर्म रक्षक कहा जाता है। महाराजा सूरजमल जी के व्यक्तित्व पर की गयी ऐसी टिप्पणी के लिए भरतपुर के लोगों के साथ-साथ पूरे भारत में विभिन्न जगहों पर तथा महाराजा सूरजमल जी में आस्था रखने वाले लोगों में भी काफी रोष व्याप्त है।

पूर्व में भी वर्ष 2019 में बॉलीवुड फिल्म पानीपत में महाराजा सूरजमल जी को लेकर गलत तथ्य प्रस्तुत किए गए थे, जिसका लोगों द्वारा भारी विरोध किया गया था। उसके बाद उस चित्रण को हटाया गया, परन्तु अब पुन: महाराजा सूरजमल जी के इतिहास के साथ छेड़छाड़ की गयी, जिसके बाद वे माफी मांग लेते हैं।

मैं सदन के माध्यम से यह अनुरोध करती हूं कि इस तरह के वीर योद्धाओं के इतिहास के साथ छेड़छाड़ करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए, जिससे भविष्य में इस तरह की घटना न हो। धन्यवाद।

माननीय सभापति : ठीक है, आपकी बात रिकॉर्ड में आ गयी।